प्रदेश की महिलाएं भी बिजनेस वर्ल्ड में आगे

इंदौर। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) की देशभर में 10 से ज्यादा ब्रांचेस हैं। प्रदेश की महिलाएं भी आज बिजनेस वर्ल्ड में मेट्रो सिटी की महिलाओं से कम नहीं हैं। सर्वे के बाद फ्लो ने इंदौर में अपना 11वां चैप्टर लांच किया है। यह बात फिक्की फ्लो की नेशनल प्रेसीडेंट नीता बूचरा ने कही। प्रदेश के पहले फिक्की (फ्लो) की लांचिंग बुधवार को होटल रेडिसन में हुई। मुख्य अतिथि वुमन वीव चेरिटेबल ट्रस्ट की सीईओ सॅली होलकर, पूर्व महापौर उमा शशि शर्मा, डॉ. दिव्या गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में आरती सांघी को इंदौर चैप्टर की पहली अध्यक्ष बनाया गया।

फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) का 11वां चेप्टर इंदौर में लांच

बिना नेटवर्किंग बिजनेस नहीं

श्रीमती बूचरा ने कहा कि आज किसी भी शहर में महिलाओं को एक बेहतर प्लेटफॉर्म के साथ नेटवर्किंग की भी जरूरत है। बिना नेटवर्किंग के आपका बिजनेस दूसरे शहरों में नहीं पहुंच सकता है। 'फ्लो' अपने 10 चैप्टर के साथ इंदौर की महिलाओं को बैंगलुरू, दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों से जुड़ने में मदद करेगा। इसी के साथ उन्हें अपना बिजनेस बेहतर तरीके से दुनिया के दूसरे देशों तक पहुंचाने में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में फ्लो ने कई शहरों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। आज सैकड़ों महिलाओं की सक्सेस स्टोरी में फ्लो की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि फ्लो महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की कोशिश करता है।

अभियान से ही बदलाव नहीं

श्रीमती बूचरा ने कहा कि आज हम भले ही महिलाओं के लिए वॉश रूम बना रहे हैं, लेकिन अज्ञानता के कारण लोग इन वॉश रूम का इस्तेमाल केवल स्टोर रूम की तरह कर रहे हैं। मुंबई चैप्टर में स्वयमं प्रोजेक्ट के जरिए महिलाओं को 'रोटी' प्रोजेक्ट से जोड़ा गया और आज में सैकड़ों महिलाएं काम कर रही हैं।